# University in News on 29 September 2020

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### अब 30 सितंबर तक भरे जा सकेंगे विकल्प

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों में काउंसलिंग की तिथि एक दिन के लिए बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 30 सितंबर दोपहर तीन बजे तक अपने विकल्प भर सकेंगे। विकल्प भरने की अंतिम तारीख पहले 29 सितंबर निर्धारित की गई थी। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों के अनुरोध पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर लॉक किए गए विकल्पों को फिर व्यवस्थित करने का भी मौका दिया जा रहा है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को 30 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे तक अपने भरे और लॉक्ड किए गए विकल्प को भी पुनः व्यवस्थित कर सकेंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को कोई नया भुगतान नहीं करना होगा क्योंकि इस प्रक्रिया के लिए फीस वे पहले से पंजीकृत कर चुके हैं। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक से अधिक विकल्प दें। निचली रैंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों को इसका विशेष ध्यान रखना है। इसके बाद आवंटन प्रक्रिया शुरू होगी, जिसका परिणाम अभ्यर्थियों के लॉगिन पर उपलब्ध होगा।



## PIONEER PAGE 3

### स्नातक में कालेज चुनने का एक और मौका

लखनऊ। स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को कॉलेजों के विकल्प चुनने का एक और मौका दिया है। अभ्यर्थी अब 30 सितंबर तक ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान भरे गए विकल्पों में बदलाव कर सकते हैं। प्रवक्ता डॉण् दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र हित को देखते हुए यह सहूलियत दी गई है। सभी अभ्यर्थियों को 30 सितंबर दोपहर तीन बजे तक अपने भरे हुए कॉलेज विकल्प को पुनः व्यवस्थित करने का मौका दिया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों को कोई नया भुगतान नहीं करना होगा क्योंकि इस प्रक्रिया के लिए फीस वे पहले से पंजीकृत कर चुके हैं। प्रवक्ता डॉण् दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक विकल्प भरने की सलाह दी गई है। जिससे उन्हें सीट से वंचित न किया जाए।

## HINDUSTAN PAGE 7 & 8

### एलयू में विकल्प बदलने का मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश 2020-21 में दाखिले के लिए विकल्प चुनने का एक और मौका दिया गया। अभ्यर्थी अब 30 सितम्बर तक ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान भरे गए विकल्पों में बदलाव कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सोमवार को यह सूचना जारी की गई है।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में कई अभ्यर्थियों की ओर से अनुरोध किया गया था। छात्र हित में यह सहूलियत दी गई है। सभी अभ्यर्थियों को 30 सितंबर दोपहर तीन बजे तक विकल्प बदलना होगा।

## NBT PAGE 4

### एलयू ने दिया कॉलेज चुनने का एक और मौका

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को कॉलेज के विकल्प चुनने का एक और मौका दिया है। ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया के दौरान भरे गए विकल्पों में 30 सितंबर तक बदलाव किया जा सकेगा। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए यह सहूलियत दी गई है। सभी अभ्यर्थियों को 30 सितंबर दोपहर तीन बजे तक कॉलेज के विकल्प को पुनः व्यवस्थित करने का मौका दिया गया है।

## JAGRAN CITY PAGE IV

### लविवि : विकल्पों के चयन का एक और मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक और स्नातक मैनेजमेंट प्रोग्राम की ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए विकल्पों को पुनर्व्यवस्थित करने का एक और अवसर दिया है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश का कहना है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि इस संबंध में अभ्यर्थियों की ओर से कई प्रार्थनापत्र मिले हैं। ऐसे में छात्रहित को देखते हुए ऐसे सभी अभ्यर्थियों के पास 30 सितंबर दोपहर तीन बजे तक अपने भरे हुए लॉक्ड विकल्प को पुन: व्यवस्थित करने का मौका रहेगा। अभ्यर्थियों को कोई नया भुगतान नहीं करना होगा, क्योंकि इस प्रक्रिया के लिए फीस वे पहले से पंजीकृत कर चुके हैं।

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

### अब 30 तक चॉइस लॉक कर सकेंगे यूजी के छात्र

**लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो दिन के लिए विस्तारित की तिथि**

लखनऊ (एसएनबी)। स्नातक और स्नातक मैनेजमेंट प्रोग्राम की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को भरे गए विकल्पों को पुनः व्यवस्थित करने का एक और अवसर लखनऊ विश्वविद्यालय ने 30 सितंबर तक दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र हित को देखते हुए विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने ऐसे सभी अभ्यर्थियों को 30 सितंबर को अपराह्न तीन बजे तक अपने भरे हुए लॉक्ड विकल्प को पुनः व्यवस्थित करने के लिए तिथि विस्तारित की है। ऐसे अभ्यर्थियों को कोई नया भुगतान नहीं करना होगा, क्योंकि इस प्रक्रिया के लिए फीस वे पहले से पंजीकृत कर चुके हैं। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक से अधिक विकल्प दें, खासकर वे जिन्होंने निचली रैंक हासिल की है ताकि उन्हें सीट से वंचित न किया जाए। इसके बाद आवंटन प्रक्रिया शुरू होगी, जिसका परिणाम अभ्यर्थियों के लॉगिन पर उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी अपडेट के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट को देखते रहे।